# एआई करेगा कारोबारियों का काम आसान

■ अजित खरे

**लखनऊ।** एआई के उपयोग से अब कारोबारियों व उद्यमियों का काम आसान व तेजी से होगा। नया बनने जा रहा ऑनलाइन सिंगल विंडो सिस्टम निवेश मित्र जल्द आईजीआरएस, निवेश सारथी, भारतीय औद्योगिक भूमि बैंक और सीएम डैशबोर्ड दर्पण से एकीकृत होगा। इस तरह अब यूपी में उद्यमियों के लिए एक प्रभावी व कुशल डिजिटल इकोसिस्टम तैयार होगा।

उत्तर प्रदेश में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को एक नई दिशा देने के लिए निवेश मित्र 3.0 की तैयारियां पूरी हो गईं हैं। यह राष्ट्रीय सिंगल विंडो सिस्टम के साथ बेहतर समन्वय के साथ काम करेगा। इससे उद्यमियों को बेहतर कारोबारी सेवाएं, पारदर्शिता और विभागीय दक्षता के साथ उपलब्ध होंगी।



■ **निवेश मित्र का नया पोर्टल अब आईजीआरएस, निवेश सारथी, सीएम डैशबोर्ड दर्पण से एकीकृत होगा**

## चैटबॉट्स से वास्तविक समय में निवेशकों की मदद

निवेश मित्र में एआई आधारित सुविधाओं का समावेश होगा। मसलन बहुभाषी चैटबॉट्स द्वारा वास्तविक समय में निवेशकों की सहायता मिल सकेगी। स्मार्ट डैशबोर्ड्स के जरिए रियल-टाइम डेटा विश्लेषण, रुझान, शिकायत समाधान होगा। अब विभिन्न विभागों से एनओसी और अनुमतियाँ अब न्यूनतम मानवीय हस्तक्षेप के साथ ऑनलाइन मिल सकेंगी। इस पूरी कवायद का मकसद अंतर-विभागीय बाधाओं को खत्म करना, प्रक्रिया को स्वचालित बनाना, और निवेशकों के लिए एक सहज अनुभव सुनिश्चित करना है।

## निवेश मित्र पोर्टल की खास बातें

- कॉमन एप्लिकेशन फॉर्म अब अधिक यूजर-फ्रेंडली, डायनामिक और स्थानीय भाषाओं में उपलब्ध होगा।
- इसमें नो योर अप्रूवल्स सुविधा से व्यक्तिगत मार्गदर्शन भी मिलेगा।
- जीआईएस आधारित तैयार हो रहे भूमि बैंक से औद्योगिक भूखंडों की लाइव मैपिंग संभव होगी
- स्मार्ट डैशबोर्ड्स पर जिलावार प्रदर्शन संकेतक के अलावा, औद्योगिक पार्क रेटिंग तय होगी

## निवेश मित्र व्यापार सहयोग व्यवस्था की रीढ़

वर्तमान में 44+ विभागों की 525 से अधिक सेवाएं प्रदान करने वाला 'निवेश मित्र' उत्तर प्रदेश की व्यापार-सहयोग व्यवस्था की रीढ़ है। इसका नया संस्करण गति, सरलता और पारदर्शिता को नए स्तर पर ले जाएगा। निवेश मित्र 3.0 न केवल तकनीकी रूप से उन्नत है, बल्कि निवेशकों के लिए उत्तर प्रदेश को भारत के सबसे अनुकूल निवेश गंतव्यों में से एक बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है।